>**Title:** Need to set up an LPG outlet in Khalilabad Parliamentary constituency, U.P.-Laid.

श्री भालचन्द्र यादव (खलीलाबाद): मेरे संसदीय क्षेत्र खलीलाबाद में रसोई गैस की समुचित आपूर्ति नहीं होने के कारण क्षेत्र के निवासियों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। अतः यह आवश्यक है कि इस क्षेत्र में एक गैस एजेंसी स्थापित की जाये। साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि ईंधन के लिए वनों पर बढ़ते बोझ को कम करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भी गैस एजेंसियों को खोले जाने की आवश्यकता है। चूंकि गैस एजेंसियां दूरदराज के गांवों में सेवाएं नहीं दे रही हैं तथा बस में गैस ले जाना जटिल कार्य है। इसलिए जन प्रतिनिधियों की अनुशंसा पर विस्तार पटल की भी सुविधा दिया जाना आवश्यक है। गोदामों पर तथा डिलवरी के समय तौल की सुविधा होने से धोखधड़ी से उपभोक्ताओं की बचत हो सकती है।